शुक्रवार

03 जनवरी 2023

डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

आपकी आवाज




भोजपुर में बंद बालू घाट पर अवैध खनन और कब्जा करने आया दबंग गिरफ्तार 2


प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक


## खबरें फटाफट

### दो हिस्सों में बंट गई सत्याग्रह एक्सप्रेस

**रक्सौल।** रक्सौल से दिल्ली जा रही सत्याग्रह एक्सप्रेस गुरुवार की सुबह करीब नौ बजे को दो हिस्सों में बंट गई। इससे यात्रियों के बीच अफरातफरी मच गई। यह हादसा सुगौली नरकटियागंज रेल खण्ड पर मझौलिया स्टेशन के पास हुआ। रेल अधिकरियों के अनुसार घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। ट्रेन के मझौलिया स्टेशन से खुलने के बाद कुछ ही दूरी पर घटना हुई जिसमें ट्रेन दो हिस्सों में बंट गई। ट्रेन का अगला हिस्सा 100 मीटर तक आगे बढ़ने के बाद चला पता कि ट्रेन दो भाग में बंट चुकी है। चुकी उस समय ट्रेन की रफ्तार धीमी थी, इसलिए बड़ा हादसा टल गया। माना जा रहा है कपलिंग टूटने के कारण यह हादसा हुआ।

### पटना सिटी की एक लाइब्रेरी में बमबारी

**पटना।** पटना सिटी की एक लाइब्रेरी में बुधवार रात करीब ढाई बजे बमबारी हुई है। जिस वक्त ये धमाका हुआ स्टूडेंट अंदर बैठकर पढ़ाई कर रहे थे। इस बमबारी का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। इसमें दिख रहा है कि कुछ युवक लाइब्रेरी के पास आते हैं और बम फेंककर भाग निकलते हैं। इस धमाके के बाद स्टूडेंट्स में पुलिस-प्रशासन के खिलाफ गुस्सा है। मामला बहादुरपुर थाना क्षेत्र का है। इस बमबारी में लाइब्रेरी के कई सामान टूट गए। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। लोगों ने इसकी सूचना बहादुरपुर थाने को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की।

### गुप्ताधाम में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक

**रोहतास।** रोहतास के कैमूर पहाड़ी स्थित गुप्ताधाम में भू-स्खलन का खतरा है। इस खतरे को देखते हुए वन विभाग द्वारा एक सप्ताह गुप्ताधाम मार्ग पर भारी वाहनों एवं चार पहिया वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दिया गया है। इस संबध में गुरुवार को रोहतास डीएफओ द्वारा आम नोटिस जारी किया गया है। जारी सूचना में कहा गया है कि गुप्ताधाम मार्ग में बादलगढ़ नाका से लेकर गुप्ताधाम के वनपथ में भू-स्खलन की प्रबल संभावना है। जबकि महा शिवरात्रि में लाखों की संख्या श्रद्धालु, शिवभक्त वाहनों या कांवर के साथ पैदल पहुंचेंगे। श्रद्धालुओं की सुरक्षा का ध्यान रखते हुए बादलगाढ नाका से गुप्ताधाम वनपथ की स्थिति वहनों के लिए प्रतिकुल होने के कारण, इस मार्ग पर 12 फरवरी 2023 से 19 फरवरी 2023 तक चार पहिया वाहन एवं भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा।

### शेरशाह के मकबरे के मामले में सुनवाई

**सासाराम।** सासाराम के ऐतिहासिक शेरशाह के मकबरे के आसपास बड़े तालाब में स्वच्छ और ताजा पानी आने के लिए बनाए गए नाले बंद होने के मामले पर गुरुवार को पटना हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस संजय करोल की खंडपीठ ने अधिवक्ता कन्हैया लाल भास्कर की जनहित याचिका पर सुनवाई करते केंद्र सरकार के अधिवक्ता को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के अधिकारियों से विचार विमर्श करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा है कि ये ऐतिहासिक धरोहर है,जिसकी सुरक्षा और देखभाल करना आवश्यक है।

**समाधान यात्रा: मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सहरसा जिले में विकास योजनाओं का लिया जायजा, दिए निर्देश**

# किसानों से गड़बड़ी करनेवालों पर कार्रवाई करें

**केटी न्यूज/पटना**



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को समाधान यात्रा के क्रम में सहरसा जिले में विभिन्न विभागों के अंतर्गत चल रही विकास योजनाओं का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने सहरसा जिलान्तर्गत बलहापट्टी पंचायत के ग्राम बलहा गढ़िया का भ्रमण कर हर घर नल का जल, हर घर तक गली और नाली निर्माण, मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना सहित अन्य विकास कार्यों का निरीक्षण किया। भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री ने लोगों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। पंचायत सरकार भवन बलहापट्टी का मुख्यमंत्री ने निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने ग्राम कचहरी कक्ष, ग्राम पंचायत राज पुस्तकालय, सरपंच एवं उप सरपंच कक्ष, ग्राम कचहरी न्यायालय आदि का जायजा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि हर घर नल जल योजना के तहत कराये गये कामों को मेंटेन रखें। नये बसावट के लोगों को भी यह सुविधा उपलब्ध करायें। बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ छात्रों को समय पर मिले। इंजीनियरिंग कॉलेजों में छात्रों के आवासन की सुविधा उपलब्ध हो इसका प्रबंध सुनिश्चित करें। छात्रावास निर्माण में यदि जमीन संबंधित समस्या उत्पन्न होती है तो वैसी स्थिति में मल्टी स्टोरी छात्रावास भवन का निर्माण करायें। उच्चतर शिक्षा हेतु महिलाओं को दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि का भुगतान ससमय करायें। किसानों के साथ गड़बड़ करनेवाले अधिकारियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। मुख्यमंत्री ने जिला अस्पताल सहरसा को मॉडल अस्पताल के रूप में विकसित करने के निर्माण कार्य का शिलापट का उद्घाटन किया।

### बजट में बिहार जैसे गरीब राज्य के लिए कुछ नहीं

पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय बजट में महत्वपूर्ण योजनाओं की राशि में कटौती की गई है। इस बार के बजट में मनरेगा और किसान सम्मान निधि योजना की राशि घटा दी गई है, यह ठीक नहीं है। मनरेगा काफी पुरानी योजना है। यह योजना विकास के लिए काफी जरुरी है। इसी तरह से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लिए 2022-23 में 68 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया था जिसे घटाकर अब 60,000 करोड़ रुपए कर दिया गया है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना की भी राशि 2,167 करोड़ रुपये कम कर दी गई है। केंद्र सरकार के द्वारा लोगों के हित में कोई काम नहीं हो रहा है। बिहार जैसे गरीब राज्य के लिए बजट में कुछ भी नहीं है। हमलोगों की डिमांड को भी नहीं माना गया है। वित्त मंत्री विजय कुमार चौधरी ने केंद्रीय वित्त मंत्री के साथ बैठक में जो मांगें रखी थीं उसे पूरा नहीं किया गया है।

### विशेष राज्य की मांग अनसुना किया गया

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार की योजना में एक हिस्सा केंद्र सरकार का जबकि दूसरा हिस्सा राज्य सरकार का होता है। इसके कारण राज्य को अपने हित में काम करने को लेकर पैसे नहीं बचते हैं। राज्य सरकार का पैसा केंद्र सरकार की योजनाओं में खर्च हो जाता है। केंद्रीय योजनाओं में 40 प्रतिशत तक राशि राज्य सरकार के द्वारा दी जाती है। केंद्रीय योजना में नाम केंद्र का होता है जबकि पैसा राज्य सरकार का भी खर्च होता है जब केंद्रीय योजनाओं मे राज्य सरकार अपना पैसा खर्च करती है तो राज्यों को केंद्रीय मदद मिलनी चाहिए। केंद्र सरकार से राज्यों को मिलने वाली राशि का बड़ा हिस्सा केंद्रीय योजनाओं में ही खर्च हो जाता है। सबसे महत्वपूर्ण बात है कि कोई राज्य अपने विकास के लिए बाहर से ऋण ले तो उसके लिए उसका लिमिट बढ़ाना चाहिए, तभी राज्यों का विकास होगा। हमलोग काफी पहले से विशेष राज्य के दर्जे की मांग कर रहे हैं लेकिन वे लोग सुन ही नहीं रहे हैं। विशेष राज्य का दर्जा मिलने से बिहार जैसे दूसरे अन्य पिछड़े राज्य भी आगे आगे बढ़ जाते।

# नवादा में सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत, पांच घायल

**केटी न्यूज/नवादा**

नवादा में सड़क हादसे में एक बच्ची समेत दो लोगों की मौत हो गई। जबकि 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा एनएच-31 अमेरिका बीघा के पास हुआ। एक तेज रफ्तार ट्रक ने ई-रिक्शा और टेंपो में जोरदार टक्कर मार दी। इसमें घटनास्थल पर ही 2 की मौत हो गई। 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जिसे चिंताजनक हालत में पावापुरी की विम्स अस्पताल रेफर किया गया है। जहां इलाज के दौरान एक 7 साल की बच्ची की भी मौत हो गई। मृतक की पहचान रोह थाना क्षेत्र के डुमरी गांव के निवासी प्रदीप साहू की 4 वर्षीय पुत्री पीहू कुमारी, वारसलीगंज क्षेत्र के मंजौर गांव के निवासी मिथलेश साहू की 7 वर्षीय पुत्री परी कुमारी और एक अधेड़ अमरपुर गांव के रहने वाले 50 वर्षीय परमेश्वर मांझी के रूप में हुई। वहीं प्रदीप के 4 परिवार को चिंताजनक हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां एक बच्ची की हालत गंभीर है।

घटना से आक्रोशित लोगों के द्वारा सड़क को जाम कर मुआवजा व ओवरब्रिज की मांग की जा रही है। जहां मौके पर सदर एसडीओ उमेश कुमार भारती, सदर वीडियो अंजनी कुमार व थाना प्रभारी पवन कुमार पहुंचकर समझा-बुझाकर जाम हटाने की कोशिश लगातार कर रहे हैं। बेलगाम तेज रफ्तार ट्रक को भी जब्त कर लिया गया है। वहीं एक व्यक्ति को भी हिरासत में लिया गया है।

### पटना में अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को कुचला

**पटना।** पटना के फुलवारी शरीफ स्थित बिस्कुट फैक्ट्री के नजदीक बुधवार की रात एक अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल सवार युवक को कुचल डाला। इस हादसे में युवक की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। घटना के बाद घटनास्थल पर काफी देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना फुलवारीशरीफ थाने को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पटना एम्स भेज दिया है। पुलिस मृतक को पहचान करने में जुट गई है। घटना के बारे में बताया जा रहा है कि बुधवार की देर रात एक मोटरसाइकिल सवार युवक खगौल से पटना की तरफ जा रहा था। इस बीच बिस्कुट फैक्ट्री के नजदीक विपरीत दिशा से आ रही एक गाड़ी ने युवक को कुचल डाला।

# भाजपा धर्म के नाम पर लोगों को लड़ाने में लगी है: तेजस्वी

**केटी न्यूज/पटना**




पटना के बापू सभागार में गुरुवार को आयोजित जगदेव प्रसाद के जन्म शताब्दी समारोह में डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव शामिल हुए। इसमें उन्होंने भाजपा पर जमकर हमला बोला। कहा कि भाजपा धर्म के नाम पर लोगों को लड़ाने में लगी है। आरएसएस ने हिंदू धर्म को जितना बदनाम किया है, उतना किसी और ने नहीं। राम, कृष्ण और गऊ माता पर हम सभी को भाजपा से सर्टिफिकेट नहीं चाहिए। सभी को एकजुट रहना है और 2024 के चुनाव में भाजपा की सरकार को उखाड़ फेंकना है।

तेजस्वी ने कहा कि जगदेव प्रसाद बिहार के ही नहीं, बल्कि भारत के लेनिन थे। उन्होंने आने वाली पीढ़ी के लिए अपनी कुबार्नी दी। केंद्र सरकार संविधान विरोधी है। देश में चंद लोग राम, कृष्ण और गऊ माता के बारे में ज्ञान दे रहे हैं। धर्म चंद लोगों के लिए हो गया है! हमारा बहुत पुराना रिश्ता राम, कृष्ण और गऊ से है। हमें हिंदी, संस्कृत पढ़ने को कहने वाले अपने बच्चों को कॉन्वेंट स्कूल में पढ़ाते हैं। पढ़ने के लिए विदेश भेजते हैं। हद है जिनकी संख्या ज्यादा है, उन्हें निम्न वर्ग का बोलते हैं। उन्होंने कहा कि हम संविधान से चलने वाले लोग हैं। संविधान में सभी बराबर हैं। हम सभी हिंदू हैं तो फिर इसमें कोई छोटा, कोई बड़ा क्यों? हमारी पार्टी एटूजेड की पार्टी है। हम जातिवादी होते तो जेपी, लोहिया, चौधरी चरण सिंह, को नेता क्यों मानते? तेजस्वी ने भाजपा को उनका वादा याद दिलाया। कहा कि भाजपा के लोग समाजवादियों को खत्म करना चाहते थे। क्षेत्रीय दलों को समाप्त करना चाहते थे।

# नीतीश बताएं आखिर राजद से उनकी क्या डील हुई : कुशवाहा

**केटी न्यूज/पटना**



जदयू के वरिष्ठ नेता उपेंद्र कुशवाहा की बगावत अब धरातल पर नजर आने लगी है। इसकी बानगी गुरुवार को जगदेव प्रसाद के जन्म शताब्दी समारोह में देखने को मिली। यह कार्यक्रम सीएम नीतीश कुमार की जदयू पार्टी से इतर थी। इसका आयोजन दरोगा राय पथ के पटेल भवन में किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपेंद्र कुशवाहा ने कहा आज जो 10 फीसदी को शोषक बताया जा रहा है। पिछले 32 सालों से कौन शोषक बना हुआ है। उस समय जगदेव बाबू ने कहा था वो वक्त दूसरा था आज वक्त दूसरा है। राजद ने कभी किसी की चिंता नहीं की है। मेरी पार्टी कमजोर हो रही है। जिन्होंने नीतीश कुमार को मजबूत बनाया, आज वो सहमे हुए हैं। कहा कि अति पिछड़ा समाज को उचित हिस्सेदारी दिलाने का काम करना है।

कुशवाहा ने कहा कि नीतीश कुमार को हमलोग ताकत देना चाहते हैं, लेकिन हम लोग संशकित है। राजद के साथ क्या डील हुई है वो बताएं। क्यों राजद के लोग आपको मुख्यमंत्री पद से हटाना चाहते हैं। जनता जिसे ताकत देती है वो सत्ता में होते हैं। नीतीश कुमार को बताना होगा आरजेडी से क्या डील हुई, आज जेडीयू के नेता कार्यकर्ता और समर्थक भ्रम में हैं। आरजेडी के लोग बार-बार नीतीश कुमार से सीएम की कुर्सी छोड़ने की बात कहते हैं। मुझे शहीद जगदेव प्रसाद की जयंती मानने से रोका गया। जेडीयू की मजबूती के लिए नीतीश कुमार कदम उठाएं।

# बजट में आने वाले 25 सालों का विजन छिपा है: योगी

**लखनऊ।** केंद्रीय बजट में यूपी को मिली सौगात को बताने के लिए गुरुवार को सीएम योगी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि अमृत काल का पहला केंद्रीय बजट कल पेश किया गया। इससे गरीब कल्याण योजना का फायदा अगले 1 साल तक लोगों को मिलने वाला है। इस बजट में आने वाले 25 सालों का विजन छिपा हुआ है। देश में नर्सिंग कॉलेज, एयरपोर्ट और रेलवे को लेकर घोषणाएं हुई हैं, तो उसको सबसे ज्यादा फायदा यूपी को मिलने वाला है। यूपी में लगभग 45 लाख लोगों को प्रधानमंत्री आवास का फायदा मिला है। इस बजट से उम्मीद है कि यूपी के बाकी लोगों को भी आवास योजना का फायदा मिलेगा।






**प्रयागराज में बागेश्वर धाम सरकार के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का बयान**

# अगर हम सब साथ हों तो भारत हिंदू राष्ट्र होगा

**एजेंसी/प्रयागराज**



बागेश्वर धाम सरकार के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने हिंदू राष्ट्र को लेकर बयान देकर नया विवाद खड़ा कर दिया है। प्रयागराज में उन्होंने अपने संबोधन में कहा, 'अगर हम सब साथ हों तो भारत हिंदू राष्ट्र होगा। उन्होंने ये भी कहा कि अब हिंदू राष्ट्र का बिगुल बजा दो। आओ जातिवाद को तोड़कर हम सब हिंदू एक हों। धीरेंद्र शास्त्री ने स्वामी प्रसाद मौर्य का नाम लिए बिना उन पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि देश को कायरों, कपटियों और क्रूर लोगों से बड़ा खतरा है। ऐसे लोग धर्म और देश दोनों का नुकसान करते हैं। वहीं, हिंदू राष्ट्र के मुद्दे पर सफाई देते हुए धीरेंद्र शास्त्री ने कहा, मैं ना तो राजनेता हूं ना राजनीति करता हूं और ना ही मीडिया में जगह पाने के लिए हिंदू राष्ट्र की बात कर रहा हूं...मैं यहां से सिर्फ और सिर्फ एक ही प्रार्थना कर रहा हूं। यह प्रार्थना हिंदू राष्ट्र के लिए है। धीरेंद्र शास्त्री गुरुवार को प्रयागराज पहुंचे। यहां उन्होंने संगम में स्नान किया और उसके बाद माघ मेले में संतों से मुलाकात की। धीरेंद्र शास्त्री श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य स्वामी वायुदेवानांद के शिविर भी जाएंगे। इसके बाद, बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर आचार्यबाड़ा में स्वामी राघवाचार्य के शिविर जाने की भी चर्चा है।

### क्यों विवादों में हैं धीरेंद्र शास्त्री?

बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री पर नागपुर की एक अंध श्रद्धा उन्मूलन समिति ने अंधविश्वास फैलाने का आरोप लगाया था। समिति के संयोजक का कहना है धीरेंद्र शास्त्री चमत्कार करने का दावा करते हैं और लोगों में अंधविश्वास फैलाते हैं। इस पूरे मामले में शास्त्री के खिलाफ केस भी दर्ज हुआ लेकिन पुलिस को धीरेंद्र शास्त्री के खिलाफ कुछ नहीं मिला और उन्हें क्लीन चिट दे दी गई थी। इसके बाद धीरेंद्र शास्त्री लगातार अपने बयानों के लिए विवादों में रहे। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में कई कांग्रेस नेताओं ने उनको चैंलेज तक दे डाला। इसके बाद उनके गुरु रामभद्राचार्य ने धीरेंद्र शास्त्री का समर्थन किया। उन्होंने कहा, 'मेरा शिष्य बहुत योग्य लड़का है। अच्छा काम कर रहा है। चरित्रवान है। उसकी लोकप्रियता को लोग पचा नहीं पा रहे हैं।

सुविचार



जीयर स्वामी

पाप करने वालों की सहायता करना भी पाप, इससे दोष लगता है।

**बड़ी खबर** पैसों की तंगी के कारण हाइकिंग से पूरी कर...

केशव टाइम्स

बक्सर, 03 फरवरी 2023

शाहाबाद/मगध

website : keshavtimes.com

e-mail : keshavtimes1@gmail.com




## खबरें फटाफट

### बढ़ाई गई स्कूलों में प्रथम प्रवेश वर्ग के नामांकन की तिथि

**जहानाबाद।** जिले में निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत गैर सरकारी मान्यता और प्रस्वीकृति प्राप्त विद्यालयों में प्रथम प्रवेश वर्ग के नामांकन की प्रक्रिया चल रही है। इस क्रम में जिला शिक्षा कार्यालय में संबंधित विद्यालयों में छात्र-छात्राओं से आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 30 जनवरी तथा आवेदन पत्रों की स्क्रूटनी करने की तिथि 02 फरवरी निर्धारित की गई थी। जिला शिक्षा पदाधिकारी रौशन आरा ने बताया कि संबंधित विद्यालयों में छात्र-छात्राओं से आवेदन कम संख्या में आने एवं जनहित को ध्यान में रखते हुए संबंधित विद्यालयों में छात्र-छात्राओं से विद्यालय स्तर पर आवेदन प्राप्त करने की तिथि को विस्तारित करते हुए 15 फरवरी तथा स्क्रूटनी की तिथि 17 फरवरी को निर्धारित किया गई है। विशेष जानकारी जिला शिक्षा कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

### नवजात का शव मिलने से मची सनसनी

**जहानाबाद।** मखदुमपुर थाना क्षेत्र के मुस्सी गांव के बधार में एक नवजात बच्चे का सब मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। शव मिलने की सूचना पर मखदुमपुर थाने की पुलिस दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में ले लिया है। मामले की पुष्टि करते हुए थानाध्यक्ष रवि भूषण ने बताया कि शव देखने से ऐसा प्रतीत होता है कि आज ही के दिन का जन्मा एक नवजात शिशु का शव है और शव को फेंक दिया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया के शव को कब्जे में लेकर सारे बिंदुओं पर जांच की जा रही है। आसपास के सभी प्राइवेट नर्सिंग होम में पूछताछ की जाएगी। उन्होंने बताया कि घटना में दोषियों पर विधि संगत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं, बधार में शव मिलने की सूचना पर आसपास के कई गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हो गए।

# फाइलेरिया प्रभावित अंगों की साफ-सफाई के साथ देखभाल जरूरी: डॉ. श्रीवास्तव

**केटी न्यूज/बक्सर**

- डुमरांव पीएचसी में एमएमडीपी क्लिनिक की हुई शुरूआत, मरीजों में किट वितरित
- आशा कार्यकताओं और मरीजों को दी गई एमएमडीपी किट के इस्तेमाल की जानकारी

स्वास्थ्य विभाग जिले से फाइलेरिया के पूरी तरह उन्मूलन को कटिबद्ध है। इस क्रम में जिले के सभी प्रखंडों में मार्बिडीटी मैनेजमेंट एंड डिसेबिलिटी प्रीवेंशन (एमएमडीपी) क्लिनिक की शुरूआत की जा रही है। गुरुवार को जिले के डुमरांव प्रखंड स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एमएमडीपी क्लिनिक का उद्घाटन किया गया। इस दौरान रोगियों को घाव की नियमित सफाई के तरीके भी बताए गए। मौके पर आयोजित कार्यशाला में प्रखंड अंतर्गत आशा फैसिलिटेटर्स और मरीजों को एमएमडीपी किट के इस्तेमाल की जानकारी दी गई। बताया गया कि जिनके हाथ-पैर में सूजन आ गई है या फिर उनके फाइलेरिया के हाथीपांव बीमारी से ग्रस्त अंगों से पानी का रिसाव होता है। इस स्थिति में उनके प्रभावित अंगों की सफाई बेहद आवश्यक है। इसलिए एमएमडीपी किट प्रदान की जा रही है। इस किट में एक-एक टब, मग, बाल्टी तौलिया, साबुन, एंटी फंगल क्रीम आदि शामिल हैं। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. आरबी श्रीवास्तव, जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण सलाहकार राजीव कुमार, बीएचएम अफरोज आलम, बीसीएम अक्षय कुमार, वीबीडीएस उपेंद्र पांडेय समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे ।



कार्यशाला में जानकारी देते स्वास्थ्य अधिकारी

**दवाओं के साथ किट का इस्तेमाल भी जरूरी :** कार्यशाला में जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण सलाहकार राजीव कुमार ने कहा कि हाथीपांव के मरीजों के लिए दवाओं के साथ किट का इस्तेमाल भी जरूरी है। उन्होंने व वीबीडीएस उपेंद्र पांडेय ने फलेरिया से प्रभावित स्थानों को साफ करने व दवा लगाने की विधि बताई। इस दौरान एमएमडीपी किट का प्रयोग करने के पूर्व मरीजों को डेमो दिखाया गया है। जिससे वे उपचार की विधि समझ सकें। हाथीपांव के मरीज उपचार के समय पहले पैर पर पानी डाल लें। उसके बाद हाथ में साबुन लेकर उसे हलके हाथ से रगड़ें और झाग निकालें। जिसके बाद हल्के हाथ से पैर में घुटने से लेकर उंगलियों व तलुए तक साबुन लगायें। जिसके बाद हल्के हाथ से घुटने से पानी डालकर उसे धो लें। जिसके बाद तौलिया लेकर हल्के हाथ से पोछ लें। इसके बाद पैर में जहां पर घाव हो वहां पर एंटी फंगल क्रीम लगायें।

### साफ-सफाई रखने से इंफेक्शन का डर नहीं

इस दौरान एमओआईसी डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि फाइलेरिया यानी हाथीपांव प्रभावित अंगों की साफ-सफाई व देखभाल जरूरी है। फाइलेरिया ग्रस्त अंगों मुख्यतः पैर की साफ-सफाई रखने से इंफेक्शन का डर नहीं रहता और सूजन में भी कमी रहती है। इसके प्रति लापरवाही बरतने पर अंग खराब होने लगते हैं। इससे समस्या बढ़ जाती है। इन्फेक्शन को बढ़ने से रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा दवा भी दी जाती है। एक बार यह बीमारी हो गई तो ठीक नहीं होती है। उचित प्रबंधन से प्रभावित अंगों की देखभाल की जा सकती और जीवन को सरल बनाया जा सकता है। दवा के सेवन से ही इस बीमारी से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि जिन व्यक्तियों में फाइलेरिया के परजीवी रहते हैं, उन्हें दवा के सेवन के बाद चक्कर आना, जी मिचलाना, उल्टी आना, हल्का बुखार आना समस्याएँ हो सकती हैं,लेकिन इससे घबराना नहीं चाहिए। वह थोड़ी देर बाद स्वतः ठीक हो जाएगा।

## कमालुचक बालू घाट पर पुलिस को मिली सफलता, राइफल व गोलियां बरामद

# भोजपुर में बंद बालू घाट पर अवैध खनन और कब्जा करने आया दबंग गिरफ्तार

- फरार अपराधियों की पहचान और धरपकड़ में जुटी पुलिस

**केटी न्यूज/आरा**

जिले में बंद बालू घाट पर अवैध खनन व कब्जा करने पहुंचे एक अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से मैगजीन सहित एक सिंगल बैरल रेगुलर राइफल और 16 गोलियां भी बरामद की गयी है। कोईलवर थाना क्षेत्र के कमालुचक बालू घाट से बुधवार को दबंग को पकड़ गया है। गिरफ्तार अपराधी बक्सर जिले के सिमरी थाने के केशोपुर गांव निवासी बालेश्वर मिश्रा का बेटा राज मिश्रा है।

हालांकि उसके अन्य साथी दियारे के कारण मौके से भागने में सफल रहे। पुलिस उसकी की निशानदेही पर उन सभी की पहचान और धरपकड़ को लेकर छापेमारी कर रही है। एसपी प्रमोद कुमार ने गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बुधवार की शाम कमालुचक के बंद बालू घाट अपराधियों के अवैध खनन और कब्जा करने के लिए हथियार के साथ जमा होने की सूचना मिली। उसके बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए हथियारों की बरामदगी व अपराधियों की गिरफ्तारी को एएसपी हिमांशु के नेतृत्व में एक टीम गठित करते हुए बालू घाट पर छापेमारी की गयी। पुलिस टीम को कुछ संदिग्ध व्यक्ति भागने लगे। तब खदेड़ कर एक को गिरफ्तार कर लिया गया। हालांकि कुछ संदिग्ध दियारे की ओर भाग गये। तलाशी के दौरान पकड़े गए अपराधी के पास से एक एक सिंगल बैरल रेगुलर राइफल, एक मैगजीन और 16 गोलियां बरामद की गयी। उसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के क्रम में उससे मिली जानकारी के आधार पर फरार अपराधियों की पहचान करते हुए गिरफ्तारी को छापेमारी की जा रही है। एसपी ने बताया कि बक्सर पुलिस से संपर्क कर पकड़े गए अपराधी के आपराधिक इतिहास के बारे में पता किया जा रहा है। एसपी ने स्पष्ट तौर पर कहा कि अवैध खनन और घाटों पर दबंगई किसी भी कीमत पर नहीं चलने दी जायेगी। छापेमारी टीम में बड़हरा थानाध्यक्ष जयंत प्रकाश व कोईलवर थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार शामिल थे। इधर, हथियार बरामदगी को लेकर गिरफ्तार राज मिश्रा के खिलाफ सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कराया है।



गिरफ्तार अपराधी की जानकारी देते एसपी

### वर्चस्व को लेकर पिछले साल कमालुचक घाट पर चली थी गोलियां, गयी थी दो की जान

कोईलवर के कमालुचक बालू घाट पर कब्जे को ले अक्सर गैंगवार होते रहता है। पिछले साल भी वर्चस्व को लेकर दो गिरोह के बीच खूनी संघर्ष हुआ था। उस समय जमकर गोलीबारी बरसाई गयी थी। उसमें दो लोगों की मौत हो गयी थी। बताया जा रहा है कि कोईलवर के कमालुचक दियारे में स्थित बालू घाट पर कुख्यात सत्येंद्र पांडेय और विदेशी राय गिरोह की नजर लगी रहती है। ऐसे में उस घाट पर वर्चस्व को लेकर अक्सर दोनों गिरोह के बीच भिड़ंत भी होती रहती है। उसी क्रम में पिछले साल 21 जनवरी को नीलामी के बाद घाट की पूजा करने जा रहे लोगों पर फायरिंग कर दी गयी थी। तब दोनों ओर से गोलियां चल गयी थी। उसमें दो लोगों की मौत हो गयी थी।

## एक नजर

### दुर्घटना का केंद्र बना कतिकनार का बिना रेलिंग वाला पुल, हो चुकी है कई दुर्घटनाएं



**केसठ।** एक तरफ जहां सरकार ग्रामीण सड़कों एवं पुलिया निर्माण के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रही है वही कतिकनार पुल की जर्जरता के चलते वाहन चालक दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। खासकर चार पहिया और बड़े वाहनों के पुल से गुजरने के दौरान दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। बता दें कि यह पुल अंग्रेजों के समय की बनी है। दुर्घटना होने का मुख्य कारण पुल पर रेलिंग का ना होना है। जिसे ठीक करने के लिए कोई भी संबंधित अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। इतना ही नहीं यहां से गुजरने पर एक तीव्र मोड़ है, जिसके चलते पुलिया से गुजरते हुए हर पल दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। वहीं इस पुल से दोनों ओर एक तीव्र मोड़ भी है, लेकिन यहां पर इसकी सूचना के लिए कोई भी सचेतक बोर्ड नहीं लगा हुआ है। ऐसे में यह एक बहुत बड़ी लापरवाही है। अक्सर पहले कई बार इस मोड़ पर दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं, लेकिन उसके बाद भी किसी ने कोई सबक नहीं लिया और यहां पर संबंधित विभाग द्वारा कोई तीव्र मोड़ का सचेतक बोर्ड तक नहीं लगाया गया है। ऐसे में पुल पर रेलिंग ना होने से जब दो वाहन एक साथ स्पीड में गुजरते है तो दुर्घटना की आशंका और भी बढ़ जाती है। वाहन चालक नकुल कुमार, अमित कुमार, राजीव कुमार, संजय कुमार आदि ने बताया पुल की रेलिंग कई सालों से नही है। पुल के दोनों तरफ गहरी नहर है। अगर जरा सा भी संतुलन बिगड़ा तो कोई भी वाहन सीधा नहर में गिर सकता है और बड़ा हादसा हो सकता है। लोगों की मानें तो इस संबंध में जनप्रतिनिधियों से लेकर विभाग के अधिकारियों से कई बार पुल की रेलिंग बनाने की गुहार लगाई जा चुकी हैं। लोगों की मांग है कि इस पुल पर रेलिंग संबंधित विभाग द्वारा जल्द से जल्द बनवाया जाए ताकि लोग दुर्घटना होने से बच सके। वही इस संबंध में सोन नहर अवर प्रमंडल सिद्धिपुर के कनीय अभियंता पप्पू सिंह ने बताया कि इसकी जानकारी विभाग को दे दी गई है।

### शोषितों व वंचितों के खातिर लड़ाई लड़ते शहीद हुए थे बिहार के लेनिन: रामभजन

**चौसा।** बिहार लेनिन अमर शहीद जगदेव प्रसाद की 100वीं जयंती पर जदयू प्रखंड इकाई के कार्यकताओं द्वारा पवनी पंचायत भवन पर समारोह आयोजित कर जयंती मनायो गया। प्रखंड अध्यक्ष सुरेश सिंह चौहान की अध्यक्षता में आयोजित जयंती समारोह में अतिथियों ने पंचशील जलाकर जगदेव बाबू के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर प्रोग्राम की शुरूआत की। कार्यक्रम का संचालन कर रहे पूर्व मुखिया रामभजन सिंह कुशवाहा ने कहा कि जगदेव बाबू शोषण और अत्याचार के खिलाफे लड़नो सिखाते थे। वे देश के तमामे पिछड़े दलित और मुसलमानों को संगठित करके 90 प्रतिशत शोषितों को 10 प्रतिशत शोषकों से मुक्ति का राहे दिखाते थे। आंदोलन करने के क्रम में ही पांच सितंबर 1974 को कुर्थो प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रदर्शन करते हुए शहीद हो गये। मौके पर जदयू के कला एवं सांस्कृति प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्षे मंटू उपाध्याय, मोहन चौधरी, शिवसागरे सिंह, निर्मल पासवान, राधेश्याम यादव, उपेंद्र रजके, सुबेदारे सिंह, मृत्युंजय दूबे, निर्मल सिंह, महेन्द्र राम व अन्य मौजूद रहें।

## ट्रैक्टर पलटने से भतीजे की मौत चाचा जख्मी, घर में मचा कोहराम

**आरा।** भोजपुर के खवासपुर ओपी क्षेत्र के हरी के टोला गांव में गुरुवार की शाम एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ट्रैक्टर सवार एक युवक की मौत हो गयी, जबकि उसके चचेरे चाचा मामूली रूप से जख्मी हो गया। मृत युवक खवासपुर थाना क्षेत्र के हरी के टोला गांव निवासी अनिल यादव का 16 वर्षीय पुत्र श्रवण कुमार था। वहीं जख्मी हरदेव यादव के 20 वर्षीय पुत्र धर्मेंद्र कुमार है। दोनों रिश्ते में चचेरे चाचा-भतीजे लगते हैं। जख्मी धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि दोनों गुरुवार की शाम गांव के एक व्यक्ति के ट्रैक्टर पर सवार होकर घर लौट रहे थे। उसी दौरान गांव स्थित मोड़ के समीप ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। उससे श्रवण कुमार ट्रैक्टर के नीचे दब गया। उसमे वह बुरी तरह से जख्मी हो गया।

वहीं ट्रैक्टर से गिरने के कारण वह भी जख्मी। गंभीर रूप से जख्मी श्रवण को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां पहुंचने पर डाक्टरों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया। इधर, मौत के बाद परिजन बिना पोस्टमार्टम कराये ही शव? लेकर चले गए। हादसे के बाद युवक के घर में रोना-धोना मचा है। बताया जा रहा है कि मृतक युवक अपने तीन भाइयों में दूसरे स्थान पर था। उसके परिवार में मां सुंदरी देवी व दो भाई विक्की कुमार,चिंटू कुमार और एक बहन खुशी कुमारी है।

# दहेज के लिए बहू को मारा, सुलह का बना रहे दबाव

**केटी न्यूज/आरा**

- मृतका का भाई बोला: बहन को मार डाला, भांजे की जान को भी खतरा

भोजपुर के पीरो थाना क्षेत्र के छेदी टोला गांव में पहले तो दहेज के लिए एक विवाहिता को मार डाला गया। उसके बाद अब ससुराल वालों द्वारा सुलह के लिए दबाव बनाया जा रहा है। मायके वालों की ओर से विवाहिता के बेटे की जान का खतरे की आशंका भी जताई जा रही है। मृत विवाहिता चंपा देवी के मायके वालों की ओर से लगाया गया है। उसे लेकर मायके वालों की ओर से आरोपितों की गिरफ्तारी की गुहार ही लगायी जा रहा है।

इधर, मृत विवाहिता चंपा देवी के भाई ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज होने के एक सप्ताह बाद भी पुलिस आरोपित पकड़ में नहीं सकी हैं। रोहतास जिले के निवासी ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि उनकी बहन की शादी पीरो थाना क्षेत्र के छेदी टोला निवासी उदय यादव के पुत्र संदीप सिंह उर्फ सोनू के साथ 2017 में हुई थी। शादी के एक साल बाद ही ससुराल वालों की ओर से दहेज की मांग की जाने लगी। उसके लिए उसकी बहन के साथ मारपीट भी की जा रही थी। इस बीच 2019 में उसकी बहन को एक पुत्र भी हुआ। उसके बावजूद ससुराल वालों की प्रताड़ना कम नहीं हुई। मारपीट की जाती रही। उसी क्रम में पिछले 26 जनवरी को बहनोई, उसके पिता और मां द्वारा उसकी बहन की हत्या कर दी गयी। उसके बाद गिरने के कारण उसकी बहन की मौत होने की सूचना दी गयी।




उसके पिता के जाने के पहले शव जला दिया गया और भांजे से भी नहीं मिलने दिया गया। उसका कहना है कि उसके बहनोई संदीप सिंह उर्फ सोनू का एक लड़की से भी शारीरिक संबंध था। उस बात की भनक उसकी बहन को लग गयी थी। हत्या के पीछे एक वजह यह भी है। ओमप्रकाश सिंह का कहना है कि प्राथमिकी दर्ज कराये जाने के बाद उसकी बहन के ससुराल वालों सुलह करने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। उन्होंने बहन के ससुराल वालों द्वारा उसके भांजे की ही हत्या कराये जाने की भी आशंका जताई है। ऐसे में उसने वरीय पुलिस अफसरों से सभी आरोपितों की गिरफ्तारी और भांजे को मायके वालों को सौंपने की गुहार लगाई है।

## देश की संस्कृति को समझने के लिए अब तक 19 राज्य घूम चुके हैं यूपी के तीन युवा

# पैसों की तंगी के कारण हाइकिंग से पूरी कर रहे भारत यात्रा

- यात्रा के वीडियो और डिटेल इंस्टाग्राम और यूट्यूब पर करते हैं पोस्ट

**शिकोह अलबदर/गया**

छोटी उम्र के दिखने वाले इन युवाओं की उम्र नहीं, इनके हौसलों की उड़ान देखना जरूरी है। कंधे पर ट्रेवलिंग बैग, बिछाने के लिए मैट, कपड़े, स्लीपिंग बैग और कुछ जरूरी सामानों के साथ ये युवा देश और दुनिया को जानने-समझने के लिए निकले हैं। इन युवाओं की टोली में उत्तर प्रदेश के सूरज, सोनू और विकास शामिल हैं। इन्होंने अब तक 19 राज्यों की यात्रा की है। अब वे बिहार, झारखंड, उड़ीसा और दक्षिण पूर्व राज्यों का भ्रमण कर वहां की सांस्कृतिक-धार्मिक विरासत और सामाजिक जनजीवन को समझने का प्रयास करेंगे। जीटी रोड से होते हुए वे आमस थाना क्षेत्र के हमजापुर इलाके में पहुंचे हैं। रात्रि विश्राम के बाद वह फिर अपनी यात्रा की शुरूआत करेंगे।




**हाइकिंग कर घूम रहे अलग-अलग राज्य :** सूरज ने दसवीं कक्षा तक पढ़ाई की है। वे अपनी इन यात्राओं का ब्योरा अपने इंस्टाग्राम अकांउट पर डालते हैं। उनके इंस्टाग्राम पर एक लाख दो हजार फॉलोवर हैं। सोनू और विकास ने अपना यूट्यूब अकांउट बनाया है। सूरज बताते हैं कि उनकी यह यात्रा दिल्ली से प्रारंभ हुई है। इस भारत यात्रा का उद्देश्य अपने देश को बहुआयामी संस्कृति को जानना समझना है। वह बताते हैं कि अपने देश को घूमने की इच्छा बचपन से प्रबल रही है लेकिन पैसा नहीं होने के कारण यह संभव नहीं था। तब उन्होंने यह निर्णय लिया कि अपने देश को घूमना है और इसके लिए हाइकिंग का सहारा लिया। वह कहते हैं कि हाइकिंग एक लंबी पैदल यात्रा होती है और यह एक फिजिकल एक्टिविटी है। इसका शरीर के साथ दिमाग पर पॉजिटिव असर पड़ता है। हाइकिंग करने वाले अमूमन या तो रास्ते में लिफ्ट लेते हैं या फिर पैदल चलते हैं।

### लोगों का भरोसा ही यात्रा की सफलता

वहीं सोनू कहना है कि कई लोग देश दुनिया को देखना चाहते हैं, लेकिन वह यात्रा नहीं कर पाते हैं। इस हाइकिंग के जरिए वह लोगों को बताना चाहते हैं कि पैसा नहीं होने के बावजद भी यात्रा की जा सकती है और अपने देश की सांस्कृति को समझा जा सकता है। विकास बताते हैं कि हम पर वाहनों से जाने वाले दूसरे राहगीर पूरा भरोसा कर लिफ्ट देते हैं। कभी ट्रक तो कभी कार से वह एक जगह से दूसरी जगह जा पाते हैं। इन तीनों युवाओं का कहना है कि भारत यात्रा के बाद वह विश्व भ्रमण पर जाने की सोच रहे हैं।




## खबरें फटाफट

### पंकज बने लोजपा रामविलास के पंचायत अध्यक्ष

**केसठ।** प्रखंड के स्थानीय गांव में गुरूवार को केसठ लोजपा (रामविलास) पार्टी का संगठन विस्तार पार्टी के प्रखंड छात्र अध्यक्ष बिकास पासवान के अध्यक्षता मे आयोजित किया गया। संगठन विस्तार मे जिला महासचिव गोल्डी दुबे के नेतृत्व मे सर्वसम्मति से आईटी सेल केसठ पंचायत अध्यक्ष के पद पर पंकज कुमार को मनोनीत किया गया। इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए जिला महासचिव गोल्डी दुबे ने कहा कि पुरे बिहार मे जिस तरह हर जाति धर्म में चिराग पासवान की लोकप्रियता बढ़ रही है, उससे प्रभावित होकर बिहार के युवा वर्ग चिराग पासवान में अपनी आस्था प्रकट कर रहे है। उससे लगता है की बिहार की जनता ने 2025 मे चिराग पासवान को मुख्यमंत्री के रूप देखने के लिए मन बना चुकी है। मौके पर आईटी सेल प्रखंड अंकित कुमार सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी गण शामिल रहे।

### जिप अध्यक्ष बोले बजट आम लोगों के हित में नहीं

**केसठ।** आम बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए जिप अध्यक्ष डॉ. विद्या भारती ने कहा है कि यह आम बजट एक छलावा है। उन्होंने कहा कि इस बजट पूर्व देश के नौजवानों किसानों मजदूरों एवं बेरोजगारों को आस जगी थी। वह निराशा में बदल गई है। इस बजट में किसान मजदूर महिलाओं एवं मध्य वर्ग के लोगों के लिए कुछ नहीं किया गया है।असाथ ही उन्होंने कहा कि आए दिन रोजमर्रा के सामानों में वृद्धि हो रही है। चावल, आटा व दाल से लेकर खाद्य तेल व अन्य घरेलू सामानों के मूल्य निरंतर बढ़ रहे हैं, परंतु बजट में महंगाई पर लगाम लगाने की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। घरेलू गैस के दाम में भी कमी की कोई उम्मीद नहीं है।

# कैमूर-11 को 3-0 से पराजित कर फाइनल में पहुंची पुराना भोजपुर की टीम

### कस्तूरबा स्मारक शील्ड फुटबाल प्रतियोगिता

- पहले सेमीफाइनल मुकाबले में मेजबान कस्तुरबा क्लब ने दिखाया काफी आक्राम खेल
- शुक्रवार को सीवान और मणिपुर की टीमों के बीच खेला जाएगा दूसरा सेमीफाइनल
- पुराना भोजपुर के अमित यादव को चुना गया मैन ऑफ द मैच

**केटी न्यूज/डुमरांव**

पुराना भोजपुर के खेल मैदान में चल रहे कस्तुरबा स्मारक शील्ड फुटबॉल प्रतियोगिता का पहला सेमीफाईनल मैच गुरुवार को मेजबान कस्तुरबा स्पोर्टिंग क्लब पुराना भोजपुर और बिहार 11 कैमूर की टीमों के बीच खेला गया। जिसमें मेजबान क्लब की टीम ने एक तरफा अंदाज में बिहार 11 कैमूर की टीम को 3-0 से रौंद शान से फाइलन में प्रवेश किया। जहां उसका मुकाबला शुक्रवार को खेले जाने वाले सीवान व मणिपुर की टीमों के बीच के दूसरे सेमीफाइलन के विजेता से होगा।



खिलाड़ी को पुरस्कृत करते जिप सदस्य

मैच के दौरान शुरू से ही मेजबान टीम के खिलाड़ियों ने काफी आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया। पुराना भोजपुर के खिलाड़ियों ने आपसी तालमेल व बेहतरीन पास के जरिए विपक्षी को चारों खाने चित कर दिया था।

मैच के पहले हाफ के 23वें मिनट में ही पुराना भोजपुर के स्ट्राइकर अमित यादव ने अपनी टीम के तरफ से दनदनाता गोल को बढ़त दिलवाई। कैमूर के खिलाड़ी इस बढ़त को पाट नहीं सके। हाफ टाइम तक यही स्कोर रहा। इसके बाद दूसरे हॉफ में मेजबान टीम ने और बेहतरीन खेल का मुजायरा पेश कर उपस्थित हजारों दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। हाफ टाइम के बाद 55 वें व 56 वें मिनट में पुराना भोजपुर की तरफ से हिमाशु राय ने लगातार दो गोल स्कोर को 3-0 कर दिया। अंतिम क्षणों में कैमूर के खिलाड़ियों ने भी कई बेहतरीन मूव बनाए। लेकिन मेजबान टीम की रक्षण पंक्ति को भेद नहीं सके। निर्धारित समय तक यही स्कोर रहा। जिसके बाद पुराना भोजपुर की टीम ने फाइनल का टिकट कटाया। मैच के दौरान बड़ी संख्या में दर्शक आए थे तथा मेजबान टीम के बेहतर प्रदर्शन को देख दर्शक रोमांचित हो उठे थे। इस मैच में दर्शकों में फुटबॉल का जुनून देखने को मिला। खासकर अपनी टीम को फाइनल में पहुंचते देख दर्शक करतल ध्वनियों से खिलाड़ियों की हौसला अफजाई कर रहे थे।

प्रतियोगिता के पहले सेमीफाइनल का उद्घाटन जिप सदस्य बंटी शाही, डुमरांव नप के पूर्व उप मुख्य पार्षद ब्रह्मा ठाकुर और विनोद वर्मा ने संयुक्त रूप से फीता काट तथा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। मैच के दौरान मुख्य रेफरी हरेंद्र यादव के साथ सहायक रेफरी की भूमिका में जनार्दन यादव, डब्लू यादव और चुनमुन शर्मा मौजूद थे। पुराना भोजपुर के स्ट्राइकर तथा मैच में पहला गोल करने वाले अमित यादव को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार यूनिक कलेक्शन डुमरांव के गुड्डू खान ने दिया। कमेंटेटर के रूप में समिति सदस्य के रूप में ईस्लाम अंसारी व मिथुन यादव मौजूद रहे। जबकि आपाता स्थिति से निपटने के लिए बतौर डाक्टर ठाकुर सिंह तैनात थे। इस दौरान जगदीश प्रसाद केशरी, विश्वनाथ यादव, सुभाष सिंह, धनजी सिंह, लक्ष्मण चौधरी, रोहित सिंह, शंभु चौधरी, नसीम अंसारी, कामेश्वर प्रसाद सिन्हा, निर्मल प्रसाद, प्रभुनाथ यादव और डा भोला केशरी समेत हजारों दर्शक मौजूद थे।

## गलत निर्माण पर जताई नाराजगी, समय पर काम पूरा करने का दिया निर्देश

# एडीआरएम के निरीक्षण के दौरान नहीं मिला फ्रेड टर्मिनल का डीपीआर, लगाई फटकार

- गंभीर लापरवाही बताते हुए एडीआरएम ने कार्य संस्कृति में सुधार लाने की दी चेतावनी

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव में फ्रेट टर्मिनल का निर्माण निर्धारित मानकों पर नहीं हो रहा है। गुरूवार को इसका निरीक्षण करने आए दानापुर मंडल के एडीआरएम आधार राज ने इस पर अपनी नाराजगी जताई है।

यही नहीं उनके निरीक्षण के दौरान अभियंताओं से जब डीपीआर, नक्शा तथा कागजातों की मांग की तो नहीं दे सके। इसे गंभीर लापरवाही बताते हुए एडीआरएम ने कार्य संस्कृति में सुधार लाने की चेतावनी दी। उन्होंने बारी-बारी से सभी इंजीनियरों को काम करने का समय निर्धारित किया। जिसमें गेट शिफ्टिंग जल्द पूरा करने तथा रेलवे इलेक्ट्रिक ग्रिड के कुछ हिस्से को तोड़कर हटाने का निर्देश दिया।



ट्रैक का निरीक्षण करते एडीआरएम और अन्य अधिकारी

रेलवे बूम को छोटा करने तथा रेल ट्रैक से उसकी दूरी मानक के अनुरूप रखने का निर्देश दिया। इंजीनियरों के साथ मंत्रणा करते हुए उन्होंने कहा कि अगर मेन लाइन को थोड़ा आगे कर दिया जाता तो फ्रेड टर्मिनल का निर्माण और अधिक आसान हो जाता है। एडीआरएम के निरीक्षण के दौरान फ्रेट टर्मिनल के निर्माण में लगे इंजिनियरों तथा संवेदकों की मुश्किलें बढ़ी रही। गौरतलब है कि डुमरांव के पश्चिमी रेलवे क्रासिंग के पास 700 मीटर लंबा फ्रेट टर्मिनल बनवाया जा रहा है। लेकिन निर्माण प्रक्रिया काफी स्लो है। निरीक्षण के दौरान एडीआरएम ने इसे निर्धारित समय में पूरा करने का सख्त निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि कार्य में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समय पर निर्माण कार्य पूरा नहीं होने पर संबंधित लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## सुरक्षित रेल परिचालन को लेकर बदले जा रहे व्हील बर्न रेल ट्रैक

**बक्सर।** ट्रेनों की गति और सुरक्षित परिचालन रेलवे ट्रैक की तकनीकी मजबूती पर निर्भर करता है। जिसको लेकर रेल पथ अभियंत्रण महकमा हमेशा चौकन्ना रहता है। रेलवे ट्रैक की फिटनेस और कमजोर हो चुकी पटरियों को हटाने के लिए रेलवे ट्रैक की नियमित मॉनिटरिंग कर उनको दुरुस्त करने का कार्य चलता रहता है। डीडीयू-पटना रेल खंड के हावड़ा-दिल्ली मेन लाइन पर ट्रेनों का अत्यधिक दबाव होने के कारण ट्रेनों के पहिये के दबाव से रेल ट्रैक पर गड्ढा (व्हील बर्न) बन जाता है, जो ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन और गति सीमा में अवरोध उत्पन्न कर देता है। व्हील बर्न के कारण हादसे की आशंका बनी रहती है। रेल ट्रैक पर जहां गड्ढा बन जाता है वहां ट्रैक पर से गुजरने वाली ट्रेनों के पहियों की हैमरिंग एक्शन काफी बढ़ जाती है। जिसके कारण रेल ट्रैक के चटकने का संभावित खतरा बढ़ जाता है। रेल ट्रैक के जिस स्थान पर व्हील बर्न स्पॉट दिखाई देता है उसकी जानकारी रेल ट्रैक पर पेट्रोलिंग कर रहे की-मैन द्वारा विभागीय अधिकारियों को दी जाती है।

**अल्ट्रासोनिक फ्लो मशीन से चिन्हित की जाती है व्हील बर्न रेल ट्रैक :** अब रेलवे में अत्याधुनिक तकनीक का समावेशन होने के कारण रेलवे ट्रैक में पाई जाने वाली खामी को चिन्हित करने के लिए अल्ट्रासोनिक फ्लो मशीन का प्रयोग किया जाता है। विभागीय रेल सूत्रों की मानें तो अल्ट्रासोनिक मशीन को जब रेलवे ट्रैक पर चलाया जाता है तो जिस स्थान पर व्हील बर्न या ट्रैक में कमी होती है तो मशीन में लगा अलार्म बजने लगता है। डैमेज स्पॉट को कट मार्क से चिन्हित कर दिया जाता है। जिसे रेल पथ अभियंत्रण विभाग द्वारा तत्काल बदल दिया जाता है।

## एक नजर

### इटाढ़ी एमओ पर डीलरों ने लगाया कमीशन मांगने का आरोप, डीएम ने दिए जांच के आदेश



**बक्सर।** इटाढ़ी प्रखंड के प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सृजन कुमार श्रीवास्तव पर उनके ही क्षेत्राधीन नारायणपुर पंचायत के कवलपोखर के डीलर व्यासमुनी राय ने कमीशन मांगने का संगीन आरोप लगाया है। डीलर ने इस संबंध में डीएम अमन समीर से लिखित शिकायत करते हुए एक आडियों भी दिया है। मामला बुधवार का ही है। डीलर व्यासमुनी फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन के प्रखंड अध्यक्ष भी है। उन्होंने बताया कि बुधवार को एमओ तथा उनके कार्यालय में बतौर कंप्यूटर आपरेटर पदस्थापित विकास कुमार उनकी पीडीएस दुकान की जांच करने पहुंचे थे। जांच के बाद उन्होंने कहा कि आप कमीशन क्यों नहीं देते है। तब डीलर ने कहा कि जब अनाज का वितरण मुफ्त करना है तो वे कमीशन कहां से दे। इस पर एमओ ने कहां कि उपभोक्ताओं को पांच किलो के बदले चार किलो खाद्यान्न ही दीजिए तथा प्रखंड के अन्य डीलरों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित कीजिए। इस मामले की शिकायत डीएम से होने के बाद डीएम ने लगे हाथ इसके जांच के आदेश भी दे दिए है। जांच में आरोपों की पुष्टि होने के बाद एमओ की मुश्किलें बढ़ सकती है। वैसे सूत्रों की मानें तो पीडीएस में कमीशन का खेल कोई नया नहीं है।

### प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से वंचित किसानों को लाभ देने की कवायद तेज




**बक्सर।** जिला कृषि पदाधिकारी मनोज कुमार ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत लंबित कृषकों का ई-केवाईसी, एनपीसीआई का कार्य तेजी से कराने का निर्देष सभी बीएओ को दिया है। विदित हो कि जिला स्तरीय कृषि ट्रॉस्क फोर्स में इसकी प्रगति की समीक्षा के दौरान जिला पदाधिकारी निर्धारित समय पर लक्ष्य पूरा नहीं होने पर काफी नाराजगी व्यक्त किया गया था। उन्होंने कहा था कि किसान हित एवं विभागीय निदेशों के आलोक में उक्त कार्य का निष्पादन निर्धारित समय सीमा के अन्दर किया जाना अनिवार्य है। जिसके बाद विभाग द्वारा जिला अन्तर्गत जो शेष किसान लाभ से वंचित रह गए है उन किसानों को 13 वीं किस्त प्राप्त करने से पहले स्पेशल ड्राइव चलाने एवं पूर्ण करने का निर्णय लिया गया है। जिसमें पंचायतवार निर्धारित तिथि को संबंधित पंचायत में कैम्प का आयोजन कर उक्त कार्य को पूर्ण किया जाएगा। उक्त कैम्प में संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी के निदेषानुसार प्रसार कर्मी एक-दूसरे के पंचायत में (एसी/सीएससी सेंटर एवं वसुधा केन्द्र) उपस्थिति रहकर किसानों का सुगमता पूर्वक ई-केवाईसी एनपीसीआई का कार्य कराया जाएगा। निर्धारित तिथि को कैम्प का आयोजन सुनिश्चित कराने के लिए कृषकों का ई-केवाईसी सहित एनपीसीआई का कार्य सुगमता पूर्वक कराने का निर्देश दिया गया है।

### नियोजन मेला में 150 युवाओं का हुआ चयन




**बक्सर।** जिला मुख्यालय स्थित आईटीआई परिसर में गुरुवार को नियोजन मेला सह मार्गदर्शन मेला का आयोजन किया गया। जहां गुरुवार को नियोजन मेला में कुल 690 बेरोजगार आवेदकों ने आवेदन दिया था। जिसमें फाइनल 150 आवेदकों का चयन किया गया। वहीं सरकारी संस्थान आरसेटी, डीआरसीसी एवं जिला उद्योग केंद्र के नेतृत्व में 449 बेरोजगार युवाओं को सरकार के विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई. जिससे वे स्थानीय स्तर पर ही स्वरोजगार प्राप्त कर सकें। नियोजन मेला में कुल 12 कंपनियों ने भाग लिया. जहां आवेदकों के आवेदन पर विचार करते हुए 150 लोगों को रोजगार मुहैया कराने के लिए फाइनल रूप से चयन किया गया है। इसके पूर्व कार्यक्रम का उदघाटन जिला योजना पदाधिकारी सह जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी बिनोद कुमार के साथ ही नियोजन पदाधिकारी अनीश तिवारी, डीआरसीसी के प्रबंधक ने संयुक्त रूप से किया।

### सेवानिवृत एएसआइ को दी गई भावभीनी विदाई



**नावानगर।** वासुदेवा ओपी में गुरुवार को सादे ढंग से विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें ओपी में पदस्थापित एएसआइ विरेन्द्र पासवान को सेवानिवृत्ति के उपरांत भावभीनी विदाई दी गई। जिसकी अध्यक्षता ओपी प्रभारी विष्णुदेव कुमार ने की। समारोह में ओपी के उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों ने फूल माला पहनाकर उन्हें सम्मानित करते हुए विदाई के भावुक क्षण में अंग वस्त्र एवं अन्य उपहार प्रदान किया। इस दौरान सेवानिवृत्त एएसआइ विरेन्द्र पासवान ने भावुक होकर कहा कि विभाग के सभी लोग पारिवारिक सदस्य की तरह मुझे प्यार और सम्मान दिया है। जिसे मैं कभी नहीं भूला सकता हूं। मौके पर वासुदेवा ओपी में पदस्थापित जितेन्द्र कुमार सिंह समेत सभी पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

# पुलिया से टकराई बाइक किशोर की मौत, दो जख्मी

- मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पांडेय पट्टी इलाके की है घटना

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत पांडेयपट्टी इलाके में बुधवार की देर शाम हुई एक सड़क दुर्घटना में जहां एक किशोर की मौत हो गई वही बाइक चला रहे उसके पिता तथा उसका एक दोस्त जख्मी हो गए है। जख्मी किशोर की हालत भी नाजूक बनी हुई है। जबकि मृतक के पिता को मामूली चोटें आई है। मृतक प्रियांशु गुप्ता उम्र 16 वर्ष पिता ओमप्रकाश गुप्ता आदर्श नगर का रहने वाला है।

जबकि उनके साथ तीसरे जख्मी की पहचान उसी मोहल्ले में रहने वाले सुनील कुमार गुप्ता के पुत्र रितीक कुमार के रूप में हुई है। रितीक मूल रूप से इटाढ़ी थाना क्षेत्र के महिला गांव का रहने वाला है। दुर्घटना में उसे भी गंभीर चोटें आई है। प्राथमिक इलाज के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए परिजन बनारस ले गए है। जानकारी के अनुसार तीनों एक ही बाइक पर बैठ इटाढ़ी रोड से पांडेयपट्टी की तरफ आने वाले रास्ते से गुजर रहे थे। इसी दौरान बीच रास्ते आई एक पुलिया पर इनकी बाइक अनियंत्रित हो पलट गई। दुर्घटना में प्रियांशु की मौके पर ही मौत हो गई। वही रितीक को भी गंभीर चोटें आई। जबकि प्रियांशु के पिता ओमप्रकाश गुप्ता को मामूली चोटें आई है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने शव को कब्जें में ले पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है।

### हत्यारोपी कैदी की इलाज के दौरान मौत

**बक्सर।** केन्द्रीय कारा में बंद एक सजायाफ्ता कैदी की मौत बुधवार को पटना में इलाज के दौरान हो गई है। मृतक मो हदीस उम्र 84 वर्ष मूल रूप से रोहतास जिले के अगरेड थाना क्षेत्र के आकाशी गांव का रहने वाला था। उस पर अगरेड थाने में हत्या के मामले में कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। जिसे 2015 में बक्सर केन्द्रीय कारा में लाया गया। कारा अधीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि अधिक उम्र होने के कारण उसकी तबीयत पिछले कुछ समय से खराब चल रही थी। कारा प्रशासन द्वारा सदर अस्पताल में उसका इलाज करवाया जा रहा था। लेकिन तबीयत अधिक बिगड़ने पर 30 जनवरी को उन्हें पटना पीएमसीएच रेफर किया गया था। जहा इलाज के दौरान ही बुधवार को उनका निधन हो गया। उन्होंने बताया कि उक्त कैदी को सांस लेने में तकलीफ हो रही थी। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया है।

# इंटरमीडिएट परीक्षा: प्रथम पाली में भौतिकी एवं दूसरी पाली में अंग्रेजी की परीक्षा संपन्न

- डीएम ने परीक्षा केन्द्रों का लिया जायजा

**केटी न्यूज/बक्सर**

इंटरमीडिएट परीक्षा के दूसरे दिन पहली पाली में विज्ञान संकाय के भौतिकी तथा दूसरी पाली में कला संकाय के अंग्रेजी विषय की परीक्षा आयोजित की गई थी। जिले के सभी 27 केन्द्रों पर प्रथम पाली में कुल 8233 छात्रों के मुकाबले 8141 ने परीक्षा में भाग लिया। जबकि 92 अनुपस्थित रहे। वही दूसरी पाली में कुल 13666 में 13524 उपस्थित और 142 छात्र अनुपस्थित रहे। सभी परीक्षा केन्द्रों पर कदाचारमुक्त परीक्षा संपन्न हुई तथा किसी भी परीक्षा केन्द्रों से नकल के आरोप में किसी परीक्षार्थी को निष्कासित नहीं किया गया है। डीएम अमन समीर ने गुरूवार को डुमरांव के राज प्लस टू उच्च विद्यालय, सुमित्रा महिला कॉलेज व पुराना भोजपुर स्थित संत जोसफ गर्ल्स हाई स्कूल परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने परीक्षा संचालन पर सतोष जताया। जिला प्रशासन से मिली सूचना के अनुसार दूसरे दिन की परीक्षा भी कदाचारमुक्त संपन्न हुई है। सभी परीक्षा केन्द्रों पर काफी सख्त व्यवस्था थी तथा मुख्य गेट पर सघन तलाशी लेने के बाद ही छात्रों को प्रवेश दिया जा रहा था। दूसरे दिन भी लेट पहुंचने वाले परीक्षार्थियों को परीक्षा में प्रवेश नहीं दिया गया। वही बक्सर तथा डुमरांव में दोनों पालियों की परीक्षा समाप्त होने के बाद भयंकर जाम लग गया था। जिससे परीक्षार्थियों को जूझना पड़ा।



परीक्षा केंद्र पर जांच करते डीएम अमन समीर

## श्रीसीताराम विवाह महोत्सव आश्रम में प्रिया प्रियतम महोत्सव के दूसरे दिन आयोजित हुए कई धार्मिक कार्यक्रम

# यदि मन भगवान में आसक्त हो जाए तो होगी मोक्ष की प्राप्ति: उमेश भाई

- भागवत कथा में दूसरे व तीसरे स्कंध की कथा का हुआ वर्णन

**केटी न्यूज/बक्सर**

नया बाजार स्थित श्रीसीताराम विवाह महोत्सव आश्रम में पूज्य नारायण दास भक्तमालि उपाख्य मामाजी महाराज जी की पावन स्मृति में चल रहे 15 वें श्री प्रिया प्रियतम मिलन महोत्सव के दूसरे दिन भी विभिन्न कार्यक्रम सम्पन्न हुए। महोत्सव में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा के दुसरे दिन की कथा में प्रख्यात कथावाचक श्रीवृंदावन धाम के उमेश भाई जी ओझा ने श्रीमद्भागवत के द्वितीय एवँ तृतीय स्कंध की मनोहारी व्याख्या कर श्रोताओं का मन मोह लिया। उन्होंने माता देवभूति एवं भगवान कपिल संवाद की व्याख्या करते हुए कहा कि भगवान कपिल ने माता देवभूति से कहा कि मन ही मोक्ष एवं बंधन का कारण है। यदि मन भगवान में आसक्त हो जाए तो मोक्ष की प्राप्ति होती है तथा संसार में लग जाए तो बंधन का कारण बन जाता है। अतः इस मन को भगवान में ही लगाना चाहिए। साथ ही महाराज जी ने कहा कि परीक्षित जी ने जब शुकदेव जी से प्रश्न किया कि जिस व्यक्ति की मृत्यु नजदीक आ जाए वह कौन सी साधना करें कि उसका उद्धार हो जाए। इस प्रश्न के उत्तर में श्रीशुकदेव जी ने कहा व्यक्ति अगर मनुष्य भगवान का गुणगाण सुने, गायन करें और उनका स्मरण करें। इन तीनों कामों से उसका उद्धार हो जाएगा।



कथा श्रवण करते कथा वाचक उमेश भाई जी ओझा

कथा व्यास ने सती चरित्र की व्याख्या करते हुए कहा कि अगर हृदय में भगवान की भक्ति ना हो तो पद और प्रतिष्ठा से मनुष्य में अहंकार बढ़ जाता है। यही अहंकार नाश का कारण बनता है। महाराज जी ने कहा कि प्रेम एकरंगी होता है बहुरंगी नहीं। प्रेम निष्कपट, निस्वार्थ, निष्कलंक एवं उत्तरोत्तर नित्यवर्धनीय एवं अविनाशी, अनिर्वचनीय होता है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार ब्रह्मा जी ने दक्ष को देवताओं का स्वामी बना दिया और राजा दक्ष इस प्रकार का पद प्राप्त कर अहंकारी हो गया। वह अहंकार से वशीभूत होकर भगवान शिव को अपने यज्ञ में आमंत्रित नहीं किया। परंतु सती पितृ मोह में अपने पिता के घर आयोजित यज्ञ में जाने के लिए व्याकुल हो उठी। भगवान शिव के मना करने पर भी उन्होंने कहा स्वामी के घर सेवक को, गुरु के घर शिष्य को एवं पिता के घर बेटी को बिना बुलाए भी जाना चाहिए। सती भगवान शिव के मना करने के बाद भी अपने पिता के यहाँ यज्ञ में बिना बुलाए जाती है और वहाँ अपमानित होकर यज्ञ कुंड में कूद जाती है। सती पार्वती के रूप में अवतरित होकर अपने पति शिवजी के लिए घनघोर तपस्या करती है।



भागवत गीता

सम्मानित व्यक्ति के लिए, अपमान मृत्यु से भी बदतर है।

केशव टाइम्स
बक्सर, 03 फरवरी 2023



## खबरें फटाफट

### मीटर रीडर, संविदा कर्मियों ने एमडी का किया घेराव

**गाजीपुर।** प्रदेश अतिरिक्त प्रांतीय महामंत्री निर्भय नारायण सिंह विद्युत मजदूर पंचायत उत्तर प्रदेश के नेतृत्व में जिले के समस्त मीटर रीडर, संविदा कर्मी, कंप्यूटर ऑपरेटर, रेगुलर कर्मियों ने गुरुवार को वाराणसी के भिखारीपुर स्थित प्रबंधक निदेशक कार्यालय का घेराव किया। निर्भय सिंह ने कहा कि आए दिन बिना सुरक्षा उपकरण के संविदा कर्मियों की पोल पर कार्य करते समय गिरकर मौत हो रही है। वही मेंटेनेंस का कार्य देख रही भारत इंटर प्राइजेज का टेंडर भी खत्म हो गया है। आरोप लगाया कि प्रबंधन ने कमीशन लेकर कम रेट पर मेंटेनेंस ठेका दिया है। जिसमें कंपनी द्वारा सभी संविदा कर्मियों के मानदेय दे रही पूर्व कंपनी के मानदेय से भी कम मानदेय देने का प्रावधान किया गया है। जिसमें प्रबंधन द्वारा जबरदस्त भ्रष्टाचार हुआ है। इसी को लेकर पूर्वांचल के समस्त विद्युत कर्मियों में आक्रोश की ज्वाला भड़की हुई है। वही मीटर रीडरो का मानदेय स्टर्लिंग कंपनी द्वारा मनमानी तरीके से दो हजार,चार हजार रुपए प्रतिमाह दिया जा रहा है एवं कंप्यूटर ऑपरेटरो को भी नियमति मजदूरी नहीं मिल रही है। इन्ही मांगों को लेकर घेराव किया गया है। इसके बाद प्रबंधक निदेशक का घेराव करके ज्ञापन सौपा।

### घायल जवान का हाल जानने ट्रामा सेंटर पहुंचे कमांडेंट

**मनियर।** घायल होमगार्ड जवान का कुशल क्षेम जानने जिला कमाडेन्ट होमगार्ड बलिया अनिल कुमार यादव ,बीओ अशोक कुमार शर्मा व बीओ राम कुमार राय बीएचयू के ट्रामा सेंटर पहुंचे। रसडा.कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुशहा बुजुर्ग हीरो के मठिया निवासी होमगार्ड जवान अखिलेश प्रजापति रसडा.कोतवाली में डियुटी करने जा रहा था कि जैसे ही रसडा.मऊ मार्ग के गुरौली चट्टी पर पहुंचा कि रोड एक्सीडेन्ट मे बुरी तरह घायल हो गया।

### संत रविदास जयंती को लेकर शांति समिति की बैठक

**मऊ।** संत शिरोमणि रविदास जयंती को लेकर चिरैयाकोट थाना परिसर में गुरुवार को क्षेत्राधिकारी मुहम्मदाबाद गोहना डॉ. अजय विक्रम सिंह की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। इसमें क्षेत्राधिकारी ने कहा कि झांकियों में लाइट की व्यवस्था में कमजोर तार का प्रयोग न हो, मदिरापान न करें, तीव्र ध्वनि में डीजे न बजायें तथा शांतिपूर्वक जयंती मनायें। प्रशासन का पूरा सहयोग रहेगा। इस अवसर पर थानाध्यक्ष राजेश कुमार वर्मा, एसआई कमला प्रसाद पटेल व रविदास मंदिर अध्यक्ष श्यामलाल, महेंद्र प्रसाद, अशोक कुमार आदि उपस्थित थे।

# परिवहन मंत्री ने निमार्णाधीन कूड़ा निस्तारण केंद्र का किया औचक निरीक्षण

**केटी न्यूज/बलिया**

परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने गुरुवार को बसंतपुर में निमार्णाधीन कूड़ा निस्तारण केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कार्य करा रही फर्म एएफसी इंडिया के कार्यकारी अधिकारी अविनाश सिंह से प्रोजेक्ट से जुड़ी जानकारी ली। निर्देश दिया कि तय समय सीमा में प्लांट का निर्माण पूरा किया जाए। निरीक्षण के बाद संतोष जाहिर करते हुए परिवहन मंत्री ने कहा कि नगर क्षेत्र के कूड़े का समुचित निस्तारण बलिया की गंभीर समस्या थी। इसको देखते हुए प्लांट के निर्माण में जो भी बाधाएं थी, उसे दूर करा कर नए सिरे से प्लांट को शुरू कराने की पहल की गई। प्लांट के निर्माण की गति पर मंत्री ने खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि जल्द ही



बलिया नगर का कूड़ा यहां वैज्ञानिक तरीके निस्तारित होगा।

**तीन महीने में ही 70 फीसदी से अधिक कार्य पूरा:** बसंतपुर में निमार्णाधीन यह कूड़ा निस्तारण केंद्र फिलहाल 50 टन क्षमता का बनाया जा रहा है। आवश्यकता पड़ने पर इसकी क्षमता 100 टन तक बढ़ाई जा सकेगी। तीन करोड़ साठ लाख रुपये की लागत से बनने वाले इस प्लांट को एएफसी इंडिया फर्म 7 नवंबर, 2022 से बना रही है। महज तीन महीने में ही 70 फीसदी से अधिक कार्य पूर्ण कर चुकी है। फर्म के प्रतिनिधि ने 15 मार्च से पहले पूरा कर लेने की बात कही।

### प्लांट के बगल की जमीन को लेकर दिए सुझाव

निमार्णाधीन कूड़ा निस्तारण केंद्र के बगल में खाली जमीन को लेकर परिवहन मंत्री ने सुझाव दिया कि जनपद के मंदिरों में चढ़ने वाले फूल आदि के रूप में जो निकल रहा है, उससे अगरबत्ती व अन्य उपयोगी सामग्री बनाने के लिए इस जमीन का सदुपयोग किया जा सकता है। इसके लिए अगर पहल हो तो लोगों के लिए रोजगारपरक भी होगा।

## प्रकृति के संरक्षण के लिए आगे आएं: परिवहन मंत्री

◆ धूमधाम से मना अंतरराष्ट्रीय आर्द्रभूमि दिवस

बलिया। जय प्रकाश नारायण पक्षी बिहार सुरहाताल बसंतपुर बलिया के वाचटावर के पास गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय आर्द्रभूमि दिवस एवं बर्ड फेस्टिवल का आयोजन किया गया। वन विभाग की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह। कार्यक्रम के अध्यक्षता पूर्व पर्यावरण एवं वन मंत्री राजधारी सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर चित्रकला, भाषण एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। उम्दा



प्रदर्शन करने वाले प्रतियोगियों को परिवहन मंत्री ने पुरस्कृत किया। इस मौके पर भूगोलविद गणेश शंकर पाठक ने आर्द्रभूमि के महत्व एवं संरक्षण के बारे में जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक डीपी तिवारी ने भी अपने विचार रखे। इस मौके पर मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि सनातन धर्म में प्राचीन काल से ही प्रकृति की पूजा की जाती रही है। हमारे विद्वान पूर्वज प्राचीनकाल से ही पीपल, बरगद, तुलसी, शमी आदि पौधों का पूजा किया करते थे। इसका मकसद पर्यावरण को संरक्षण प्रदान करना एवं प्रकृति से निकटता बनाये रखना था। परिवहन मंत्री ने लोगों से प्रकृति के संरक्षण के लिए आगे आने और इसमें अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

### मूलधन व ब्याज देने के बाद भी सूदखोर बना रहे थे दबाव, परेशान हो कर लिया सुसाइड

# गन व्यापारी आत्महत्या मामले में 13 लोगों पर नामजद मुकदमा दर्ज, सभी आरोपी फरार

**केटी न्यूज/बलिया**

बलिया के मालगोदाम रोड के पास बलिया आर्म्स कारपोरेशन के प्रोपराइटर नंदलाल गुप्ता द्वारा किए गए आत्महत्या के मामले में कोतवाली पुलिस ने 13 लोगों के खिलाफ नामजद व पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। शहर कोतवाल ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए जगह–जगह दबिश दी जा रही है, जल्द ही आरोपी पुलिस के गिरफ्त में होंगे। नामजद आरोपियों में हनुमान सिंह निवासी रामपुर महावल, शैलेंद्र सिंह, अजय सिंह, देवनारायण सिंह, अनिल चौबे राहुल चौबे, रोहित चौबे, अखिलेश प्रताप सिंह, आलोक सिंह, सुनील मिश्र, राजू मिश्र व सिंह रिंकल शामिल हैं। मुकदमा होते ही सभी आरोपी फरार हो गए हैं।

नंदलाल गुप्ता के परिवार में असलहा व कारतूस की शहर में तीन दुकानें हैं। स्टेशन मालगोदाम रोड में नंदलाल की बलिया आर्म्स कारपोरेशन नाम से दुकान है। जहां असलहे व कारतूस की खरीद बिक्री व जमा होता है। नंदलाल ने अच्छे व्यवहार के कारण कम दिनों में ही पूर्वांचल में असलहा कारोबार में अच्छा मुकाम हासिल कर लिया था। दुकान पर बिहार, मऊ, देवरिया सहित आसपास के जिले से खरीदार पहुंचते थे। बाजार में



घटना के बाद रोती व्यवसायी की पत्नी।

अपनी पकड़ बनाए रखने के लिए नंदलाल सूदखोरों के जाल में फंसता चला गया। धीरे-धीरे वह बड़े लोगों से अधिक ब्याज पर पैसा ले लिया। मूलधन व ब्याज देने के बाद भी सूदखोर पैसा वापस करने का दबाव बना रहे थे। इससे परेशान हो उन्होंने आत्महत्या कर ली। आत्महत्या से पूर्व फेसबुक लाइव में नंदलाल ने कर्ज देने के बाद भी कुछ लोगों द्वारा दबाव बनाकर मकान रजिस्ट्री का आरोप लगाया है। नंदलाल की पत्नी मोनी व दो बच्चे दस वर्ष की सौम्या व आठ वर्ष के बेटे नैतिक के साथ दुकान कीऊपरी मंजिल पर रहते थे। 10 दिन पूर्व लंदन में रहने वाला छोटा भाई शैलेश गुप्ता आया था। बड़े भाई को परेशान देख उसने मामले को सुलझाने को कहा था। उन्हें क्या पता था कि बड़ा भाई आत्महत्या जैसा कदम उठा लेंगे।

### घटना के दूसरे दिन ही गायब हो गए रजिस्ट्रार

गन व्यापारी नंदलाल गुप्त की आत्महत्या के मामले में रजिस्ट्रार दूसरे ही दिन गुरुवार को अपने दफ्तर से गायब दिखे। बाबू व कर्मचारी से पूछने पर बताया कि जरूरी काम से रजिस्ट्रार साहब आजमगढ़ गए हैं। इसके बाद जब बाबू से मांगा गया कि फेसबुक में लाइव आकर नंदलाल गुप्त जिस मकान को सूदखोरों द्वारा लिखवाने की बात कह रहे थे उसका डिटेल्स दीजिए। इस पर बाबू व कर्मचारी सकपका गए और तुरंत रजिस्ट्रार को पूछने लगे। इसके बाद जैसे–तैसे बाबू व कर्मचारी जमीन के मुहायदा का डिटेल्स तो दिए लेकिन द्वितीय पक्ष तथा गवाहों का पता लिखने आनाकानी करते रहे। घटना के दूसरे ही दिन इस तरह रजिस्ट्रार का गायब होना लोगों के गले नहीं उतर रहा है। लोगों ने कहा कि बिना रजिस्ट्रार की मिलीभगत कुछ भी संभव नहीं है। क्योंकि जो व्यक्ति मरने से पहले यह कह सकता है कि उससे जबरिया मकान लिखवाया जा रहा है, उस वक्त रजिस्ट्रार को कोई कदम उठाना चाहिए था, लेकिन उन्होंने ऐसा ना करके खुद को भी शक के घेरे में लाए हैं। गहराई से जांच होने पर रजिस्ट्रार का भी कारनामा उजागार हो सकता है।

### नंदलाल गुप्ता की अप्रत्यक्ष रूप से हत्या हुई है : शमीम खान



**बलिया।** ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी के प्रदेश संयुक्त सचिव मो. शमीम खान ने आरोप लगाया है कि सह आत्महत्या नहीं बल्कि अप्रत्यक्ष रूप से नंदलाल गुप्ता की हत्या की गई है। घटना से पूरे उत्तर प्रदेश का व्यापारी का स्तब्ध हैं। भय का माहौल है। बलिया सहित पूरे प्रदेश में सूदखोरों का गिरोह सक्रिय है। इन्होंने बहुत बड़ा जाल बना रखा है, एक बार अगर कोई सीधा साधा आदमी या व्यापारी उसमें फंस जाता है तो पूरी जिंदगी उससे बाहर नहीं निकल पाता। बैंकिंग प्रणाली को सुधारने की जरूरत है। अगर कोई बैंक आसानी से किसी को कर्ज दे दे तो उन्हें उनको सूदखोरों से लेने की जरूरत क्या है। हम इस पूरे घटना की सीबीआई जांच की मांग करते हैं।

## एक नजर

### पीजी कालेज गाजीपुर में आर्द्रभूमि दिवस व पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन



**गाजीपुर।** पीजी कॉलेज गाजीपुर में बृहस्पतिवार को प्राणी विज्ञान विभाग में विश्व आर्द्रभूमि दिवस मनाया गया। इस मौके पर बीएससी बायो ग्रुप के विद्यार्थियों के एक दल ने डॉ. इन्दीवर रत्न पाठक एवं डॉ. रागिनी अहिरवार के नेतृत्व में गंगा तट पर आद्र भूमि में जैव विविधता का अध्ययन करने के लिए भ्रमण किया। तत्पश्चात एक पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ। बच्चों ने पूरे कार्यक्रम में अत्यंत उत्साह के साथ भाग लिया। भ्रमण दल को महाविद्यालय के यशस्वी प्राचार्य प्रोफे० डॉ. राघवेन्द्र कुमार पांडेय एवं उप प्राचार्य डॉ. दिनेश कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरिशचंद्र पीजी कॉलेज वाराणसी के प्राचार्य प्रोफे० (डॉ०) रजनीश कुंवर ने विद्यार्थियों को आशीर्वचन प्रदान किया एवं उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि द्वय डॉ. प्रमोद कुमार मिश्र एवं डॉ. जितेंद्र कुमार राव ने आर्द्र भूमि की विशेषताओं और आवश्यकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में डॉ. रमेश प्रताप सिंह , डॉ. श्रवण कुमार शुक्ल, डॉ. मनोज मिश्र का भी अमूल्य योगदान रहा। साथ ही विभाग के सहयोगी पौरुष सिंह और राजनाथ भी उपस्थित थे।

### पीजी कॉलेज गाजीपुर में अंग्रेजी में 12 और भूगोल में 17 छात्रों ने छोड़ी बीए की परीक्षा



**गाजीपुर।** पीजी कालेज गाजीपुर में सुबह की पाली में बीए तृतीय सेमेस्टर विषय अंग्रेजी की परीक्षा में कुल 586 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। जिसमें 574 परीक्षार्थी उपस्थित एवं 12 छात्र अनुपस्थित रहे। सायंकाल की पाली में बीए तृतीय सेमेस्टर विषय भूगोल की परीक्षा में 1122 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। जिसमें 1105 उपस्थित एवं 17 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान प्राचार्य प्रोफे. (डॉ०) राघवेंद्र कुमार पांडेय की उपस्थिति में आन्तरिक उड़ाका दल द्वारा सघन जांच की गई। आंतरिक उड़ाका दल के सदस्य के रूप में चीफ प्रॉक्टर डॉ० दिनेश कुमार सिंह, प्रोफे. सत्येन्द्र नाथ सिंह, डॉ. रामदुलारे, आरपी सिंह, डॉ० अनुराग सिंह आदि शामिल रहे।

## राष्ट्रीय साक्षरता मिशन के तहत अभ्यर्थियों को मिला प्रमाण-पत्र

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

राष्ट्रीय साक्षरता मिशन आईटी एजुकेशन द्वारा पीरनगर स्थित कौशल प्रशिक्षण केंद्र पर प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई के जिला समन्वयक मुकेश कुमार थे। कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुवार को मुख्य अतिथि जिलाधिकारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में मुख्य अतिथि व जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई के जिला समन्वयक मुकेश कुमार द्वारा समस्त केंद्र के काउंटर का सूक्ष्म निरीक्षण किया गया। साथ ही संचालित कोर्स के



विषय व प्रशिक्षण से संबंधित सभी जानकारी प्राप्त की गई।

द्वितीय चरण में कार्यक्रम के अंतर्गत ब्यूटी तथा वेलनेस सेक्टर के अंतर्गत प्रशिक्षणरत अभ्यर्थियों द्वारा संबन्धित विषय के लाइव कार्य का निरीक्षण व अवलोकन कर योजना से होने वाले लाभ के बारे बातचीत की गई। तीसरे चरण में अपरेल व हेंडीक्राफ्ट सेक्टर में प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थियों से बातचीत की। इस मौके पर राष्ट्रीय साक्षरता मिशन आईटी एजुकेशन के वाईस चेयरपर्सन ने अपने वक्तव्य में कहा कि मिशन निदेशक अंदर वामसी के कुशल कार्यप्रणाली में उच्चतम स्तर का रोजगारपरक कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर युवा वर्ग आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। अंतिम चरण में समस्त प्रशिक्षण केंद्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चयनित पहले तीन प्रशिक्षण केन्द्रों में से नंदगंज प्रशिक्षण केंद्र को प्रथम स्थान, पीर नगर प्रशिक्षण केंद्र को द्वीतीय स्थान तथा सुहवल प्रशिक्षण केंद्र को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। प्रशिक्षण केंद्र को पुरस्कृत करने के उपरांत मुख्य अतिथि ने प्रत्येक केंद्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले तीन-तीन अभ्यर्थियों को स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक व प्रमाण-पत्र देकर पुरस्कृत किया।

### मऊ में युवक से नगदी व मोबाइल की लूट

**मऊ।** कुथीर्जाफरपुर निवासी आयुष सिंह पुत्र राधेश्याम सिंह से फैजुल्लाहपुर के पास दो बाइक सवार चार बदमाशों ने मारपीट कर नगदी सहित मोबाइल व अन्य सामान लूट कर फरार हो गए। पीड़ित ने अज्ञात के विरुद्ध तहरीर दी है। आयुष घोसी के मझवारा स्थित हीरो मोटर कंपनी में गाड़ी फाइनेंस का काम करता है। देर रात पैसा कलेक्ट करने के बाद वह अपने घर आ रहा था। तभी फैजुल्लाहपुर के पास सड़क पर बांस लगाकर दो बाइक सवार चार बदमाशों ने उसे रोक लिया। बदमाशों ने 10 हजार नकदी, मोबाइल और पांच हजार की घड़ी लूटकर फरार हो गए।

**वर्तमान वैश्विक परिवेश में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की प्रासंगिकता विषयक द्वि-दिवसीय अंतर्विषयक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन**

# हमें श्रेष्ठता बोध व अतिशय गर्व से बचना चाहिए: प्रो. चितरंजन

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

स्वामी सहजानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं केंद्रीय हिंदी संस्थान आगरा के संयुक्त तत्वावधान में वर्तमान वैश्विक परिवेश में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की प्रासंगिकता विषयक द्वि-दिवसीय अंतर्विषयक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन महाविद्यालय के मुख्य सभागार में हुआ। इस मौके पर डॉ. संगीता की पुस्तक समकालीन हिंदी साहित्य विमर्श का विमोचन हुआ।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) विजय कुमार राय ने कहा कि यह वर्ष महाविद्यालय का स्वर्ण जयंती वर्ष है। हम शैक्षणिक गुणवत्ता के लिए तत्पर हैं। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय पुनः फरवरी में एक





और अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी डॉ. कुबेरनाथ राय की स्मृति में आयोजित करने जा रहा है।

इस मौके पर प्रो. सर्वेश कुमार पांडेय, प्राचार्य डीसीएसके मऊ ने कहा कि राष्ट्र एक जीवंत सत्ता है। धर्म-सम्मत जो संविधान है, वही राष्ट्र ग्रहण करता है। भारत-भूमि माता है, इसके लिए भूखंड की आवश्यकता नहीं। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद पृथ्वी के साथ माता का भाव जोड़ता है। इसी क्रम में नॉर्वे से पधारे सुरेश चंद्र शुक्ला ने विचारों की स्वच्छंदता पर बल दिया। उन्होंने बताया कि किसी भी विचार को बंधन मुक्त होना चाहिए। वैश्विक परिवेश में भूमंडलीकरण की प्रक्रिया लोकल को ग्लोबल और ग्लोबल को लोकल बना रही है। प्रोफेसर प्रवेश श्रीवास्तव निदेशक यूजीसी एचआरडीसी बीएचयू ने कहा कि भारत का राष्ट्रवाद विश्व के लिए आदर्श रहा है, क्योंकि यह वसुधैव कुटुंबकम पर आधारित है। प्रोफेसर चितरंजन मिश्र, राजनीतिशास्त्र विभाग, गोरखपुर विश्वविद्यालय ने राष्ट्रवाद और देशभक्ति में अंतर स्थापित करते हुए कहा कि राष्ट्रप्रेम में जहां समर्पण की भावना है वहीं राष्ट्रवाद में अहंकार की भावना नहीं है। हमें अपनी परम्परा-संस्कृति को अपनाना चाहिए किंतु श्रेष्ठता बोध व अतिशय गर्व से बचना चाहिए। उन्होंने दीनदयाल उपाध्याय जी को उद्धृत करते हुए बताया कि संस्कृति मानव चित्त की खेती है।

प्रो. आनन्द शंकर सिंह, प्राचार्य, ईश्वरशरण डिग्री कॉलेज, प्रयागराज ने इंगित किया कि परम्परा संस्कृति को हस्तानांतरित करती है। भारतीय चिंतन धारा अन्वेषणात्मक है। अर्थ चिंतन की भारतीय परम्परा के संदर्भ में 'लाभ से शुभ हो' एक मूल्य है।

प्रोफेसर महेंद्र कुमार, अध्यक्ष, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने भारतीय परंम्परा की विशेषताओं को व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय परम्परा भोग की नहीं, अपितु त्याग की रही है। डॉ. सविता भारद्वाज, प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय गाजीपुर ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में सूचना, प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी के आधार पर संस्कृति की प्रासंगिकता और उपादेयता को स्पष्ट करते हुए कहा कि सोशल मीडिया इंटरनेट आदि ने व्यक्ति को आत्मसीमित कर दिया है। हम सांस्कृतिक क्षरण की ओर जा रहे हैं। इससे बचना होगा और अपनी सांस्कृतिक पहचान को पुनः प्राप्त करना होगा। द्विदिसवसीय संगोष्ठी के चारों तकनीकी सत्रों में सौ से भी अधिक शोधपत्रों का वाचन शोधार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के प्रो. अजय कुमार राय ने किया। प्रो. राय ने संगोष्ठी के आयोजकों, देश-विदेश से पधारे विद्वज्जन एवं प्रतिभागियों का आभार प्रकट किया।

### शारदा नारायण अस्पताल के चैयरमेन डॉ संजय सिंह को दिल्ली में किया जायेगा सम्मानित



**मऊ।** दिल्ली में आयोजित होने वाले माटी समारोह में उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल के जिलों की लोक कला, साहित्य, संगीत और समाजिक कार्यो को बढ़ावा को लेकर माटी ट्रस्ट द्वारा शुरू किए गए माटी समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय पूर्वांचल के लोगों को माटी सम्मान से नवाजा जाएगा। इसी सिलसिले में जनपद के प्रसिद्ध डॉक्टर एवं सामाजिक कार्यो में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने वाले शारदा नारायण अस्पताल के चैयरमेन डॉ संजय सिंह को माटी सम्मान के लिए नामित किया गया है।

### मोहम्मदाबाद उप डाकघर में गोष्ठी का आयोजन कर सुकन्या समृद्धि योजना की दी गई जानकारी

**मऊ।** मोहम्मदाबाद गोहना बस स्टैंड के निकट उप डाकघर कार्यालय में गुरुवार को एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें उप मंडलीय निरीक्षक डाक अभिषेक कुमार राय ने डाकघर के कर्मचारियों को सुकन्या समृद्धि योजना के तहत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के योजना के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बेटी के जन्म के समय या फिर 10 साल की उम्र तक खाता खोलकर आप इसका लाभ प्राप्त कर सकते हैं एवं बेटी की उम्र 18 वर्ष होने पर जमा राशि का 50% बेटी की शिक्षा अथवा शादी के लिए भी निकलवा सकते हैं। जिससे आप अपनी बेटी को पढ़ा लिखा कर डॉक्टर इंजीनियर आदि पदों पर भेज सकते हैं। इस गोष्ठी में उप डाकपाल अनिल कुमार मिश्रा अरविंद यादव बबलू चौरसिया अनु श्रीवास्तव समेत डाक कर्मी एवं सहयोगी मौजूद रहे।